**ETHOS LIMITED**
KAMLA CENTRE, SCO 88-89, SECTOR 8-C
Chandigarh-160 009 INDIA
Phone : +91 172 2548223/24/27, 2544378/79
Fax : +91 172 2548302
CIN – U52300HP2007PLC030800
PAN – AADCK2345N

Ref. no.: Ethos/Secretarial/2022-23/45

Dated: November 4, 2022

**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street, Mumbai - 400001**

**National Stock Exchange of India Limited**
**Exchange Plaza, C-1, Block G,**
**Bandra Kurla Complex, Bandra,**
**Mumbai - 400 051**

**Scrip Code: 543532**

**Trading symbol: ETHOSLTD**

**Subject : Newspapers clipping - Publication of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2022**

Dear Sir/Ma'am

Greetings from Ethos.

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of the SEBI Listing Regulations, we are enclosing herewith copies of the newspaper advertisement extract pertaining to the disclosure of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter and half year ended on September 30, 2022, approved by the Board of Directors at its meeting held on Thursday, November 3, 2022 and published in the following newspapers today i.e. November 4, 2022:-

1. Financial Express – English (Ahmedabad, Bangalore, Chandigarh, Chennai, Hyderabad, Kochi, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Delhi, Pune editions)
2. Himachal Times – Hindi {in the Shimla (cover Parwanoo) edition}

We would request you to please take the same in your records and oblige.

Thanking you

Yours truly
For **Ethos Limited**

Anil Kumar
Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2022.11.04 11:20:45 +05'30'

**Anil Kumar**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership no. F8023**

Encl.: as above

# जेपी नड्डा बोले– हम सेवा के लिए और कांग्रेसी मेवा के लिए करते हैं काम



**ऊना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और कमीशन, कांग्रेस और भ्रष्टाचार ये दोनों पर्यायवाची हैं। हम मिशन पर काम करते हैं और कांग्रेसी कमीशन के लिए काम करते हैं। हम सेवा भाव से काम करते हैं और कांग्रेसी मेवा खाने के लिए काम करते हैं। कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक या तो जेल जाने को तैयार हैं या बेल पर हैं। सलूणी के ऐतिहासिक चौगान में जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब राज नहीं, रिवाज बदलने का लोगों ने मन बनाया है। अब प्रदेश में अलटा–पलटी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में फिर से विजयी होकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे। नड्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ने 2022 में दोबारा से सरकार बनाई। उत्तराखंड में भी रिवाज बदला। गोवा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई। मणिपुर में भी दोबारा भाजपा की सरकार बनाई और अब हिमाचल प्रदेश में भी रिवाज बदलेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को हिमाचल की चिंता है। चंबा आगमन पर उपहार में दिए गए चोला डोरा को उन्होंने केदारनाथ यात्रा के दौरान विशेष रूप से पहन कर भगवान शंकर की पूजा–अर्चना की।

उन्होंने कहा कि एक समय था, जब प्रधानमंत्री बोलते थे कि मैं एक रुपया भेजता हूं लेकिन 85 पैसे न जाने कहां गायब हो जाते हैं। अभी प्रधानमंत्री शिमला आए थे, उन्होंने एक बटन दबाया और किसानों के खाते में 2–2 हजार रुपये पहुंच गए। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर तंज किया कि एक अन्य पार्टी भी हिमाचल आई, पर वह आई पीछे गई पहले। हिमाचल से दिल्ली–पंजाब काफी नजदीक है। हिमाचल के लोगों को मालूम चला कि ये तो छल–कपट करने वाली पार्टी है। ऐसे में इस पार्टी को आभास हो गया कि यहां पर काम बनने वाला नहीं है। लिहाजा, अब उन्होंने गुजरात में डेरा डाल लिया है।

कुटलैहड़ में जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि राजनीति में इतना ज्ञान रखता हूं कि तालियों की गड़गड़ाहट से रुख समझ जाता हूं। प्रजातंत्र चुनाव में परखने का मौका मिलता है। कोई राजनीतिक दल रिपोर्ट नहीं रखता, लेकिन भाजपा हर चीज का ब्योरा जनता के समक्ष देता है। चुनाव के दौरान पहले ठगने का ही दौर था। मोदी ने रिवायत बदली और अब रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के पास जाना पड़ता है। किए हुए कामों को लेकर ही भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच जाता है। कहा कि कई बड़े देश कोरोना से अभी तक बाहर नहीं निकल पाए हैं, लेकिन पीएम मोदी ने देश की जनता को कोरोना डोज से सुरक्षित किया है। सिम सप्लायर भारत बना है। मोबाइल इंडस्ट्री में भारत नंबर दो पर खड़ा है। इथेनॉल का उत्पादन दोगुना और शुगर का उत्पादन चार गुना हो गया। विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। भारत अब दूसरे देशों से ले नहीं रहा अब दे रहा है। कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा।

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के कलियाड़ा में विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं और उनके नेता कांग्रेस तोड़ो यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है और सिमट रही है। देश को मजबूत बनाने के लिए हिमाचल में फिर भाजपा को लाना जरूरी है।


ethos | WATCH BOUTIQUES

**ETHOS LIMITED**

**Corporate Identity Number: L52300HP2007PLC030800**

**Registered Office:** Plot No. 3, Sector- III, Parwanoo, Himachal Pradesh -173 220. **Telephone:** + (91) 1792 232 462/233 402, **Website:** www.ethoswatches.com

**EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2022**

(Rupees in lakhs unless otherwise stated)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended September 30, 2022 (Unaudited) | Half year ended September 30, 2022 (Unaudited) | Quarter ended September 30, 2021 (Unaudited) | Quarter ended September 30, 2022 (Unaudited) | Half year ended September 30, 2022 (Unaudited) | Quarter ended September 30, 2021 (Unaudited) |
| 1 | Total income from operations | 18,152.97 | 35,731.48 | 13,690.42 | 18,138.18 | 35,717.65 | 13,690.49 |
| 2 | Net Profit for the period from ordinary activities (before tax,exceptional items and/or extraordinary items) | 1,799.38 | 3,493.24 | 367.45 | 1,816.61 | 3,522.04 | 355.26 |
| 3 | Net Profit for the period from ordinary activities before tax (after exceptional items and/or extraordinary items) | 1,799.38 | 3,493.24 | 367.45 | 1,816.61 | 3,522.04 | 355.26 |
| 4 | Net Profit for the period from ordinary activities after tax (after exceptional items and/or extraordinary items) | 1,351.42 | 2,614.69 | 264.83 | 1,355.77 | 2,635.49 | 265.55 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [comprising profit for the period(after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1,351.42 | 2,614.69 | 262.36 | 1,355.77 | 2,635.49 | 262.93 |
| 6 | Paid-up equity share capital (Face value in Rs. 10 per share) | 2,334.92 | 2,334.92 | 1,831.76 | 2,334.92 | 2,334.92 | 1,831.76 |
| 7 | Reserves (excluding revaluation reserves) | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings per share (of Rs. 10/- each) (not annualized): | | | | | | |
| | (a) Basic (Rs.) | 6.57 | 12.71 | 1.45 | 6.59 | 12.81 | 1.46 |
| | (b) Diluted (Rs.) | 6.57 | 12.71 | 1.45 | 6.59 | 12.81 | 1.46 |

**Notes:**

1. The above unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on November 3, 2022. The unaudited financial results for the current quarter and the half year have been subjected to Limited Review by the Statutory Auditors of the Company. The unmodified review report of the Statutory Auditors is being filed with the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited.
2. The above is the extract of the detailed format of the Unaudited quarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and www.nse.india.com and the company's website www.ethoswatches.com.

For and on behalf of the
**Board of Directors of Ethos Limited**
**Yashovardhan Saboo**
Managing Director
(DIN:00012158)

**Place:** Chandigarh
**Date:** November 3, 2022


# हिमाचलः राजनाथ की जयसिंहपुर जनसभा में पीओके चाहिए के लगे नारे



**देहरा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कांगड़ा के जयसिंहपुर, देहरा और सोलन के अर्की में चुनावी जनसभाएं कीं। जयसिंहपुर के चौगान में जनसभा के दौरान एक पूर्व सैनिक के साथ–साथ जनता ने हमें पाकिस्तान के कब्जे वाला पीओके वापस चाहिए, के नारे लगाए। इस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि धैर्य रखें, जल्द मिलेगा। राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस की नीति और नीयत से देश की राजनीतिक पार्टियों से लोगों का विश्वास उठ गया था, लेकिन 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद फिर से देशवासियों का भरोसा जगा है। राजनाथ सिंह ने कहा हिमाचल वीर भूमि है और सेवानिवृत्ति के बाद भी अगर देश को जरूरत पड़ जाए तो हिमाचल के सैनिक पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने कहा कि सेना में ऐसा कोई चक्र नहीं, जिस पर हिमाचल के वीरों का नाम न हो। राजनाथ सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हिमाचल से गहरा नाता है। यही वजह है कि हिमाचल के रहने वाले जेपी नड्डा को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष और अनुराग ठाकुर को केंद्रीय मंत्री बनाया। कांग्रेस पार्टी में भी एक से बढ़कर एक दिग्गज नेता रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने हिमाचल को कभी अहमियत नहीं दी।

अर्की में उन्होंने कहा कि मेजर सोमनाथ शर्मा, कैप्टन विक्रम बत्रा समेत ऐसे वीर इस धरती में जन्मे हैं, जिन्होंने भारत माता की आन, बान, शान के लिए बलिदान दे दिया। आज भारत पर पूरे विश्व की नजरें हैं। विश्व मंचों पर मोदी का सम्मान होता है। कोरोना काल में देश के हर व्यक्ति को वैक्सिनेट करके दूसरी डोज भी लगा दी, लेकिन अमेरिका जैसे देश में अभी तक सभी लोगों को पहली डोज भी नहीं लगी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा झूठे वादे नहीं करती। हम अपने घोषणापत्र में वही वादे करते हैं, जिन्हें हम पूरा कर सकते हैं। कांग्रेस देश मे सिर्फ एक खानदान तक ही सीमित होकर रह गई है। आज देश का आर्थिक दृष्टि से भी विकास हुआ है। 2014 में जब देश की बागडोर नरेंद्र मोदी के हाथ आई थी तो उस समय भारत की आर्थिकी नौवें व दसवें स्थान पर थी, जबकि अब हम पांचवें स्थान पर हैं।

# सिरमौरः पोस्टर लगाने पर कांग्रेस–भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट



**सिरमौर।** चुनाव प्रचार के दौरान हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के संगड़ाह हलके में पोस्टर लगाने को लेकर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं में मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने मामले की शिकायत पुलिस में देकर अपना–अपना पक्ष रखा है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार बुधवार रात काकोग नामक स्थान पर कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पोस्टर को लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। ईश्वर चंद और निका राम के बीच यह मारपीट हुई है।

मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने बीच–बचाव कर दोनों पक्षों को इधर–उधर किया गया। पुलिस उप अधीक्षक मुकेश कुमार ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत दर्ज करवाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ईश्वर चंद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संगड़ाह चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया था, जहां से उसे कान में लगी चोट का निरीक्षण करने के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


वहीं, हमीरपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर के तहत झनिक्कर में कुछ लोगों ने बुधवार देर रात करीब 11:00 बजे हमला बोल दिया। इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं। हमले में घायल भाजपा कार्यकर्ताओं ने टौणीदेवी पुलिस चौकी को फोन पर सूचना दी। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों का मेडिकल करवाकर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। बुधवार को झनिक्कर भाजपा कार्यालय में चुनावों को लेकर बैठक चल रही थी, उस दौरान यह वारदात सामने आई है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात को झनिक्कर गांव के मदन लाल पुत्र ऊधो राम ने लड़ाई–झगड़ा व मारपीट होने की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मदनलाल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि भाजपा पार्टी कार्यालय झनिक्कर में बुधवार रात को कुछ लोगों ने हमला कर दिया। नजदीकी दुकान में रखी कोल्ड ड्रिंक की बोतलें उन पर फेंकी गईं और डंडों से हमला किया गया।

जिसमें मदन लाल के अलावा राकेश कुमार, सतीश कुमार व अमित कुमार घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी चारों घायलों का मेडिकल करवाया है। उधर, हमीरपुर थाना प्रभारी संजीव गौतम ने कहा कि टौणीदेवी पुलिस चौकी के प्रभारी केवल सिंह ने झनिक्कर में मारपीट की सूचना दी है। पुलिस ने आरोपी लोगों के खिलाफ रास्ता रोकने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष बलदेव शर्मा, उपाध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, हरीश शर्मा, संसदीय प्रवक्ता अंकुश ठाकुर और सुजानपुर मंडल भाजपा अध्यक्ष विरेंद्र ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी अपनी हार देखकर बौखला गए हैं। जिस कारण वह भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। गत दिवस भी कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने शराब के साथ गिरफ्तार किया था। जनता कांग्रेस नेताओं की हकीकत जान चुकी है।

## पूर्व की कांग्रेस सरकार ने हिमाचल से छीना था विशेष पैकेज

**सिरमौर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास की तीव्र रफ्तार को डबल इंजन ही सरकार ही बनाए रख सकती है। गुरुवार को पांवटा साहिब के ज्वालापुर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा। साथ ही कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की पूर्व ने हिमाचल से विशेष पैकेज ही छीन लिया था। केंद्रीय मंत्री कहा कि विश्व में भारत की साख प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बढ़ी है। भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन चुका है। मोदी सरकार ने किसी राज्य में विकास के मामले में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर पांवटा विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुखराम चौधरी और उत्तराखंड के सहसपुर के विधायक सहदेव पुंडीर भी मौजूद रहे।

# आनंद शर्मा:बोले सरकार योग करवाए लेकिन इतिहास का शीर्षासन न करवाए



**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संचालन समिति के सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार योग करवाए लेकिन इतिहास का शीर्षासन न करवाए। वीरवार को राजधानी शिमला में मीडिया से बातचीत में आनंद शर्मा ने कहा कि 31 अक्तूबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि थी। उसी दिन सरदार पटेल की जयंती थी। भाजपा ने सरदार पटेल को तो श्रद्ध ांजलि दी लेकिन इंदिरा गांधी को नहीं।

भाजपा सरकार ने देश के इतिहास का अपमान करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत को नमन तक नहीं किया। आनंद ने कहा कि राजनीति और धर्म को अलग–अलग रहने देना चाहिए। संस्कार और पूजा पद्धति घर और परिवार सिखाता है। भाजपा से यह सीखने की जरूरत नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए आनंद शर्मा ने कहा कि पहली बार भगवा वस्त्र पहनने वाले को राजनीति करते हुए देखा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के दौरे पर बार–बार आ रहे प्रधानमंत्री, गृह मंत्री सहित अन्य मंत्री कांग्रेस से बीते वर्षों का हिसाब मांग रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि कांग्रेस के दर्शन से देश के लोगों ने भारत बनाया। हिमाचल को पूर्ण राज्य बनाया। भाजपा के सत्ता में आने से पहले देश परमाणु शक्ति बन चुका था और चंद्रमा पर भी जा चुका था। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बनाया।

उन्होंने प्रधानमंत्री से जनता को अपने आठ वर्षों के कार्यकाल का हिसाब देने की मांग उठाई। आनंद शर्मा ने कहा कि अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। आने वाले दिनों में देश की सुरक्षा के लिए भी यह योजना खतरा है। इस भर्ती से रखे जाने वाले 50 फीसदी युवाओं को नियमित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है।

## आबकारी विभाग ने जब्त की 53,594 लीटर कच्ची शराब

**शिमला।** राज्य कर एवं आबकारी आयुक्त यूनुस ने बताया कि विभागीय टीमों ने प्रदेश में 53,594 लीटर अवैध कच्ची शराब को नष्ट किया है। दोषियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में चुनावों के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब का वितरण न हो, इसके लिए विभागीय अधिकारी एवं कार्यबल टीमें अपने परिधि इलाकों में सजगता से अपने दायित्वों को निभा रहे हैं।

आयुक्त यूनुस ने बताया कि विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत शराब की बिक्री, भंडारण को लेकर विभाग सख्त कार्रवाई कर रहा है।

# मां रेणुका को दिए वचन को निभाने के लिए आज पहुंचेंगे भगवान परशुराम



**सिरमौर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को भगवान परशुराम मां रेणुका से मिलने आ रहे हैं। मां–बेटे के आध्यात्मिक मिलन के वीरवार को हजारों लोग साक्षी बनेंगे। मां रेणुका को दिए वचन को निभाने के लिए भगवान परशुराम श्री रेणुका जी पहुंचेंगे। इस ऐतिहासिक मिलन के साथ ही छह दिन तक चलने वाला ऐतिहासिक श्री रेणुकाजी मेला कार्तिक पूर्णिमा तक जारी रहेगा। भगवान परशुराम की शोभा यात्रा वीरवार दोपहर बाद शुरू होगी। खेल मैदान से शुरू हुई यह शोभा यात्रा शाम ढलने से पूर्व श्री रेणुका जी में प्रवेश करेगी।

यहां त्रिवेणी के संगम पर मां–पुत्र का विधिवत मिलन करवाया जाएगा। जिला प्रशासन ने छह दिन तक चलने वाले इस मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रेणुका जी तीर्थ सहित ददाहू बाजार को दुल्हन की तरह सजाया गया है। शोभा यात्रा के दौरान हजारों लोग इसमें शिरकत करेंगे। अंतरराष्ट्रीय रेणुका मेले में दशकों पुरानी परंपरा को सिरमौर राजघराने का परिवार आज भी पूरी श्रद्ध ा से निभा रहा है।

सिरमौर राज परिवार के वंशज और राजघराने के वरिष्ठ सदस्य कंवर अजय बहादुर सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ इस परंपरा का निर्वहन करेंगे। वीरवार को गिरि नदी के संगम तट पर कंवर अजय बहादुर सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ भगवान परशुराम की प्रतीक्षा करेंगे।